दिनांक 09.11.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# निगम सभागार में 12 नवम्बर को आवास की लाटरी

**भिलाईनगर।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान–मोर आस एवं मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में दिनांक 12.11.2025 को समय 12 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। हितग्राहियो द्वारा जमा किए गए आवेदन पत्रों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। नियमानुसार लाटरी पद्वति से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जाएगा एवम अन्य हितग्राही को भी भूतल के आवासों में लॉटरी के माध्यम से आबंटन किया जावेगा कार्यालयीन अवधि में लॉटरी के पूर्व योजना शाखा में उपस्थित होकर मकान का नियमानुसार 10: अंशदान राशि जमा कर लाटरी में शामिल हो सकते है। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करती है कि पीएम आवास के लिए नगर निगम मुख्यालय के योजना शाखा या प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय जोन 3 में संपर्क करें। हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाटरी का लाभ उठावें।

